संक्षेप में

बीएमडब्ल्यू 'मिनी' ब्रांड को और मजबूत करेगी

जर्मनी की लग्जरी कार विनिर्माता बीएमडब्ल्यू अगले साल भारत में अपने 'मिनी' पोर्टफोलियो का विस्तार करने की योजना बना रही है, ताकि महानगरों से बाहर बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी के अध्यक्ष और मुख्य कार्य अधिकारी हरदीप सिंह बरार ने यह जानकारी दी। *भाषा*

हैदराबाद में गोदरेज प्रॉप. ने खूब मकान बेचे

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हैदराबाद में परिचालन के पहले वर्ष में 2,600 करोड़ रुपये की आवासीय संपत्तियां बेची हैं। रियल एस्टेट कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी में गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कोकापेट में अपनी पहली परियोजना शुरू करके हैदराबाद के आवास बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की। गोदरेज प्रॉपर्टीज की कार्यकारी अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी ने हैदराबाद के बाजार में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है। *भाषा*

'कवच' के विस्तार से खुलेगा 50 हजार करोड़ रु का बाजार !

शाइन जेकब
चेन्नई, 14 दिसंबर

ईटुई ट्रांसपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर की डीपटेक क्षेत्र की सहायक कंपनी नोवा कंट्रोल टेक्नॉलजिक्स और टाटा एलेक्सी ने भारत की स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली कवच 4.0 की अगली पीढ़ी मिलकर विकसित करने का फैसला किया है। उम्मीद है कि अगले छह से सात वर्षों में कवच के चरण-1 के कार्यान्वयन के दौरान भारतीय ट्रेन सुरक्षा बाजार में लगभग 50,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिलेंगे। कंपनियों के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने बिजनेस स्टैंडर्ड को यह जानकारी दी।

कंपनियां दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया समेत निर्यात बाजार को भी लक्ष्य बना रही हैं, जो लंबे समय में उनके कारोबार को बढ़ावा दे सकते हैं। नोवा ने अक्टूबर में कवच 4.0 को मिलकर विकसित करने के लिए टाटा एलेक्सी के साथ रणनीतिक साझेदारी का ऐलान किया था। नोवा कवच 4.0 के लिए प्राथमिक मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) के रूप में काम करेगी और विनिर्माण, परीक्षण तथा एकीकरण के लिए जिम्मेदार होगी, जबकि टाटा एलेक्सी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डिजाइन, प्रोटोटाइपिंग, सुरक्षा प्रमाणन और साइबर सुरक्षा इंजीनियरिंग का नेतृत्व करेगी। नोवा के निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी सौरजित मुखर्जी ने कहा, 'कवच प्रणाली स्थापित करने की प्रति किलोमीटर औसत लागत 50 लाख से 60 लाख रुपये है और भारतीय रेलवे में शुरू में लगभग 40,000 किलोमीटर कवर किए जाने की संभावना है। प्रत्येक रेल इंजन के लिए शुरुआती निवेश 70 लाख से 80 लाख रुपये होगा। इसका मतलब है कि सुरक्षा श्रेणी में इस क्षेत्र के लिए कंपनियों की भारी मांग दिखने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कवच के चरण-1 में लगभग 50,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है।'

रेल नेटवर्क को मिलेगा सुरक्षा कवच

कवच स्वदेशी रूप से विकसित ऐसी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली है, जो रेल इंजन के पायलटों को निर्दिष्ट गति सीमा के भीतर ट्रेनों को चलाने में मदद करता है, अगर पायलट ऐसा करने में विफल रहता है, तो ब्रेक अपने आप लग जाते हैं। यह खराब मौसम के दौरान भी ट्रेनों को सुरक्षित रूप से चलाने में मदद करता है। यात्री ट्रेनों पर पहला असल परीक्षण फरवरी 2016 में शुरू हुआ और कवच को जुलाई 2020 में राष्ट्रीय एटीपी प्रणाली के रूप में अपनाया गया था। अक्टूबर 2025 तक सरकार कवच पर लगभग 2,354 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी हैं। साल 2025-26 के लिए आवंटन 1,673 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा कि कवच को छह से सात वर्षों के भीतर भारतीय रेलवे नेटवर्क में लागू किए जाने की उम्मीद है। उद्योग की यह उम्मीद तब है, जब भारतीय रेलवे द्वारा सुरक्षा पर कुल खर्च साल 2013-14 के 39,463 करोड़ रुपये की तुलना में तकरीबन दोगुना होकर साल 2025-26 में 1.16 लाख करोड़ रुपये हो चुका है।

स्टड्स को प्रीमियम हेलमेट से आय बढ़ने की उम्मीद

दीपक पटेल
नई दिल्ली, 14 दिसंबर

दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी स्टड्स एक्सेसरीज के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ भूषण खुराना ने बताया कि अगले दो वर्षों में उसके प्रीमियम हेलमेट सेगमेंट का राजस्व हिस्सा मौजूदा 15.5 फीसदी से बढ़कर लगभग 30 फीसदी होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राजस्व हिस्सेदारी को ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं और प्रीमियम दोपहिया वाहनों की बढ़ती बिक्री से बल मिलेगा। प्रीमियम हेलमेट की बढ़ती मांग से स्टड्स एक्सेसरीज को अपना लाभ मार्जिन बढ़ाने में भी मदद मिल रही है। खुराना ने बिज़नेस स्टैंडर्ड के साथ बातचीत में कहा, 'चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में हमारा कर पश्चात लाभ मार्जिन एक साल पहले के मुकाबले 22.9 फीसदी बढ़कर 40.9 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व भी 6.4 फीसदी बढ़कर 303.7 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग का प्रमाण है।'

वित्त वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी के प्रीमियम मोटरसाइकिल हेलमेट ब्रांड-एसएमके- का हिस्सा कुल बिक्री में बढ़कर 15.5 फीसदी हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 11.5 फीसदी था। उन्होंने कहा, 'हमें उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में एसएमके की हिस्सेदारी 30 फीसदी तक पहुंच जाएगी।'

मगर क्षमता संबंधी बाधाएं अब भी चुनौती बनी हुई हैं। खुराना ने कहा, 'हम पहले से ही अपनी क्षमता का 91 फीसदी तक इस्तेमाल कर रहे हैं। इसका सीधा मतलब है कि कि हमने मौजूदा क्षमता का काफी हद तक उपयोग कर लिया है और फिलहाल बाजार मांग को पूरा करने में असमर्थ हैं।'

सवाल जवाब

अनुभव, वृद्धि और लागत को प्रभावित कर रही है एआई

भारती एयरटेल के मुख्य प्राद्यौगिकी अधिकारी रणदीप सेखों ने गुलवीन औलख के साथ बातचीत में कहा कि नेटवर्क में एआई को शामिल करने से लागत में कमी आई है और दक्षता बढ़ी है। इसका क्रियान्वयन पूंजीगत व्यय, परिचालनगत व्यय कारोबारी वृद्धि पर सकारात्मक असर डाल रहा है और बदले में कारोबार बढ़ रहा है, वहीं एआई का रियल-टाइम इस्तेमाल कंपनी को केवाईसी संबंधी धोखाधड़ी रोकने में मदद कर रहा है। केवाईसी अब तुरंत किए जा रहे हैं। मुख्य अंशः

नेटवर्क पर एआई के क्रियान्वयन का स्तर क्या है?

एआई समेत नेटवर्क में हम जो कुछ भी करते हैं, वह अनुभव, वृद्धि या लागत को प्रभावित करता है। हमने यह ऊर्जा परियोजना चार साल पहले शुरू की थी, जहां हम सेल स्तर पर क्षमता का रूल-बेस्ड (निश्चित समय पर) समापन किया करते थे। अब हमने एआई के साथ रियल-टाइम क्षमता प्रबंधन काफी तेजी से शुरू कर दिया है और उपयोगकर्ता अनुभव पर बिना किसी असर के परिचालनतगत व्यय में 2 से 2.5 गुना तक की बचत हुई है।

यह कारोबार वृद्धि में किस तरह मदद करता है?

पूंजीगत व्यय की बात करें, तो पहला है क्षमता योजना, नई मॉडलिंग के साथ आप क्षमता का ज्यादा सटीक अनुमान लगा सकते हैं, नहीं तो कुछ जगहें ऐसी होंगी जहां आपकी क्षमता का जरूरत से ज्यादा उपयोग होगा और कुछ जगहें ऐसी होंगी जहां इसका जरूरत से कम उपयोग होगा। दूसरा है ग्रामीण क्षेत्र को टटोलने वाला कार्यक्रम, जहां पहले नया भौतिक स्थल स्थापित करना ह्यूमन-सर्वे पर आधारित होता था, लेकिन अब आप कई स्रोतों का इस्तेमाल करके बहुत सटीक मॉडल बना सकते हैं, जिसमें गैर-दूरसंचार डेटा सोर्स भी शामिल हैं। तीसरा है 5जी स्थल का इस्तेमाल। तीन साल पहले 5जी उपकरणों की संख्या और हाई डेटा इस्तेमाल मानक था। आज हमने उस मॉडल को अन्य कारक जोड़कर बेहतर बनाया है ताकि यह देखा जा सके कि 5जी का इस्तेमाल कहां बेहतर होगा और चूंकि 5जी एफडब्ल्यूए (फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस) वृद्धि को बढ़ावा दे रहा है, बदलाव करने वाले उपयोगकर्ताओं को बढ़ावा दे रहा, इसलिए पूंजीगत व्यय इस्तेमाल बेहतर है, जो वृद्धि में भी मदद करता है।

उपयोगकर्ता के रूप में हम एआई का उपयोग कर रहे हैं और एक कंपनी के तौर पर आप (परपेक्सिलिटी एआई के साथ साझेदारी करके एआई के उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। क्या इससे क्षमता का अधिक उपयोग या क्षमता की कमी नहीं होगी?

हमें क्षमता का आकलन करना होगा। एआई के दो प्रकार के उपयोग हैं। पहला, खोज के विकल्प के रूप में, जो खोज में उपयोग किए गए डेटा से अधिक डेटा का उपयोग नहीं करता है। दूसरा ऐसे उपयोग के मामले जहां यूआई, यूएक्स में बदलाव आएगा। उदाहरण के लिए एआई ग्लासेस में आप एआई एजेंट से बात करेंगे और वह आपको बताएगा कि आप क्या देख रहे हैं। भविष्य में, भुगतान से संबंधित एक उपयोग का मामला अवश्य सामने आएगा।

क्या आगामी नीलामी के मद्देनजर एआई को अपनाने से स्पेक्ट्रम प्रबंधन और स्पेक्ट्रम खरीद पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा?

स्पेक्ट्रम से जुड़े कई पहलू रणनीतिक होते हैं। आप स्पेक्ट्रम प्राप्त करना चाहते हैं। इसलिए आप ऐसा स्पेक्ट्रम खरीदते हैं जिसकी आपको आज जरूरत नहीं लगती है मगर अगले तीन से पांच वर्षों में आवश्यकता होगी, क्योंकि यह 20 वर्षों के लिए उपलब्ध कराया जाता है।

स्विगी ने क्यूआईपी से जुटाए 10,000 करोड़ रुपये

उदिशा श्रीवास्तव
नई दिल्ली, 14 दिसंबर

खान-पान और किराना डिलिवरी करने वाली कंपनी स्विगी ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 10,000 करोड़ रुपये जुटाने का काम पूरा कर लिया है। कंपनी ने बताया कि इस क्यूआईपी में बड़े वैश्विक और घरेलू संस्थागत निवेशकों की जोरदार और विविध हिस्सेदारी देखी गई। इसमें 21 म्युचुअल फंड, 8 घरेलू बीमा कंपनियां और 50 वैश्विक निवेशक शामिल थे। रकम जुटाने की इस हालिया कवायाद के बाद कंपनी का कैश बैलेंस अब लगभग 17,000 करोड़ रुपये हो गया है।

कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'यह भारतीय उपभोक्ता-तकनीक क्षेत्र में सबसे बड़े सौदे में शामिल है। यह भारत में किसी गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा अब तक का दूसरा सबसे बड़ा क्यूआईपी भी है। इस क्यूआईपी में घरेलू म्युचुअल फंडों (एमएफ), घरेलू बीमा कंपनियों, सॉवरिन वेल्थ फंडों और विदेशी संस्थागत निवेशकों सहित सभी तरह के पूंजी समूहों की अच्छी दिलचस्पी देखी गई। इससे स्विगी के प्रदर्शन में निवेशकों के भरोसे का पता चलता है।'

कंपनी के अनुसार दिलचस्पी दिखाने वाले 80 से ज्यादा निवेशकों में से 61 को आवंटन किया गया। इनमें 15 से ज्यादा नए शेयरधारक हैं। हिस्सा लेने वाले कुछ म्युचुअल फंडों में एसबीआई, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एचडीएफसी, निप्पॉन इंडिया, कोटक, मिरे, ऐक्सिस और बिड़ला म्युचुअल फंड तथा घरेलू बीमा कंपनियों में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस और एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं। वैश्विक निवेशकों में कैपिटल ग्रुप, सिंगापुर सरकार, ब्लैकरॉक, नोमुरा ऐसेट मैनेजमेंट, टेमासेक, फिडेलिटी और गोल्डमैन सैक्स ऐसेट मैनेजमेंट शामिल हैं।

चम्बल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः गढेपान, जिला कोटा, राजस्थान, पिन – 325 208
टेलीफोन नं.: 0744–2782915; **फैक्स नं.:** 07455–274130,
कॉर्पोरेट कार्यालयः ''कॉर्पोरेट वन'', प्रथम मंजिल, 5, व्यवसायिक केन्द्र, जसोला, नई दिल्ली – 110 025
टेलीफोन नं.: +91–11–46581300, 41697900; **फैक्स नं.** +91–11–40638679
ई–मेलः isc@chambal.in; **वेबसाइटः** www.chambalfertilisers.com; (**सीआईएनः** L24124RJ1985PLC003293)

अंशधारकों हेतु सूचना

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दाखिल करने के लिए विशेष विंडोः

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांकित 2 जुलाई, 2025 ("परिपत्र") के माध्यम से "भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दाखिल करने हेतु विशेष विंडो" हेतु तंत्र की सुविधा प्रदान की है। तदनुसार, हस्तांतरण के भौतिक मोड के बन्द होने के पूर्व, अर्थात् 01 अप्रैल, 2019 को कम्पनी या उसके रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास हस्तांतरण के लिए जमा किए गए ऐसे भौतिक शेयर हस्तांतरण विलेख, जो दस्तावेजों में कमी के कारण कम्पनी/आरटीए द्वारा अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे और ऐसे हस्तांतरण विलेखों को पुनः दाखिल करने के लिए निर्धारित कट–ऑफ तिथि, अर्थात 31 मार्च, 2021 को या उससे पूर्व आवश्यक दस्तावेजों के साथ पुनः दाखिल करना आवश्यक था; उन्हें 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की विषेश अवधि के दौरान कम्पनी/आरटीए के पास पुनः जमा करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः जमा की जाने वाली प्रतिभूतियाँ (सूचीबद्ध कम्पनी/आरटीए के पास आज तक लंबित अनुरोधों सहित) केवल डीमैट मोड में जारी की जाएँगी। हालाँकि, ऐसे हस्तांतरण–सह–डीमैट अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे लागू आईएसआर फॉर्म सहित सहायक दस्तावेजों को "कॉर्पोरेट वन", प्रथम तल, 5, कमर्शियल सेंटर, जसोला, नई दिल्ली – 110025 या कम्पनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट (एसटीए) अर्थात् मेसर्स जुआरी फिनसर्व लिमिटेड, प्लॉट नबंर 2, जमरूदपुर कम्युनिटी सेंटर, कैलाश कॉलोनी एक्सटेंशन, नई दिल्ली – 110048 पर जमा करें। फॉर्म कंपनी की वेबसाइट https://www.chambalfertilisers.com पर उपलब्ध हैं।

कृते चम्बल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
त्रिदिब बराट
वाईस प्रेसिडेंट – लिगल एवं कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 12 दिसम्बर, 2025

---

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट–IV-A अचल संपत्ति/यों हेतु ई–नीलामी सार्वजनिक बिक्री सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के सहपठित नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय ई–नीलामी सूचना

पंजीकृत कार्यालय : 9वां तल, अन्तरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन नं. 011–23357171, 23357172, 23705414,, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय : दूसरा तल, 131/8, झोन–2, एम.पी. नगर, झूमरवाला, भोपाल 462011, मध्य प्रदेश

एतद्द्वारा आम तौर पर जनता को और विशेष रूप से कॉलम नंबर–ए में इंगित उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति(यों) जो कॉलम नंबर–डी में वर्णित है प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित हैं, जिसमें से रचनात्मक/भौतिक कब्जा (जैसा कि कॉलम नंबर–सी में वर्णित है) को **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** /प्रत्याभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **''जो जहां है, जो है जैसा है, और वहां जो कुछ भी है आधार''** पर निम्न उल्लेखित विवरण के अनुसार बेचा जाएगा। एतद्द्वारा संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, (चाहे ज्ञात हो या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं), संपत्तिभागि(यों) को सूचना दी जाती है चूंकि इस मामले को आज की दिनांक में संशोधित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियमों के नियम–8(6) और 9 के तहत कॉलम संख्या–ए में दर्शाया जा सकता है। बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड / प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.pnbhousing.com** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

ऋण सं./उधारकर्ता /सह–उधारकर्ता/ गारंटर(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (A)	मांग राशि और दिनांक (B)	कब्जे का प्रकार (C)	बंधक संपत्तियों का विवरण (D)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (E)	ईएमडी (आरपी का 10%)(F)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक(G)	बोली वृद्धि मूल्य (H)	निरीक्षण की दिनांक और समय (I)	नीलामी की दिनांक और समय (J)	ज्ञात ऋण भार/ न्यायालय मुकदमा अगर कोई है (K)
HOU/BHO/0518/527890 हितेश चौधरी/अंकिता चौधरी शाखा : भोपाल	रुपये 7,50,215.83/– और दिनांक 31.07.2021	भौतिक कब्जा	शिवाली ब्लॉक, 0 फ्लैट सं. 505, किंग पार्क सिटा ग्राम– पिपालिया गज्जू मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, सर्वे सं. 70/1/2, भोपाल, मध्य प्रदेश– 462023, भारत	रु. 6,70,000/–	रु. 67,000/–	29.12.2025	रु. 10,000/–	19.12.2025 दोपहर 12:00 बजे से अपर्राह्न 04:00 बजे	30.12.2025 अपर्राह्न 02:00 बजे से अपर्राह्न 03:00 बजे	ज्ञात नहीं

***आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि भुगतान की दिनांक तक खर्च किए और/या वसूली के रूप में एक साथ लागू @18% वार्षिक भविष्य के ब्याज के साथ** पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और सूचना में ऊपर वर्णित अचल/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों के संबंध में कोई अन्य भार/दावा नहीं है, केवल कॉलम नंबर–के में उद्घाटित को छोड़कर। इसके अलावा सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपने द्वारा इस प्रकार की भार ओं को पूरा/भुगतान किया जाना चाहिए। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे उल्लेखित भार की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं।**

(1) आज की दिनांक में, पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उरोक्त अचल संपत्तियों/प्रत्याभूत परिसंपत्तियों को बेचने, विमुख करने और/या निपटाने से कोई आदेश निरोधक और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। (2) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में सिफारिश का निरीक्षण कर सकते हैं। यदि कोई हो, कॉलम नं. के में वर्णित है। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के शीर्षक के शीर्षक तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव(ओं) बनाने से पहले सभी मामलों में खुद की संतुष्टि कर लें। बोली लगाने वाले को बोली फॉर्म के साथ–साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करने होंगे। (3) कृपया ध्यान दें कि प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के संदर्भ में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (बयाना पैसे शामिल है, यदि कोई हो, जमा) एक ही दिन या अगले कार्य दिवस से बाद में नहीं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार प्रत्याभूत ऋणदाता द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोलीदाता(ओं) के पक्ष में बिक्री कीपुष्टि की जा सकती है। बिक्री राशि का शेष 75% बिक्री पुष्टि पत्र की पावती की दिनांक से 15 दिनों के भीतर क्रेता द्वारा जमा किया जाना है और इस जमा के चूक में, संपत्ति/प्रत्याभूत परिसंपत्ति कीफिर से बेचा जाएगा। **(4) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा। जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट सं.68, तीसरा तल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेबसाइट–www.bankeautions.com संपत्ति के निरीक्षण या बोली दस्तावेज प्राप्त करने या किसी अन्य जानकारी या पंजीकरण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, आपको पीएनबीएचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक लोधा से टोल फ्री नं. 1800 120 8800, के साथ समन्वय करना होगा या www.pnbhousing.com का संदर्भ लेना होगा।**

स्थान : भोपाल **दिनांक : 15.12.2025** **हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

---

homefirst We'll take you home

Home First Finance Company India Limited

CIN: L65990MH2010PLC240703,
Website: homefirstindia.com Phone No.: 18003008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट– IV–ए [देखें नियम 8(6) का प्रावधान]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण और विशेषकर कॉलम (ii) के अनुसार कर्जदार(ओं) और सह–कर्जदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि प्रत्याभूत ऋणदाता को बंधक/प्रभारित कॉलम (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिनका नीचे दिए विवरण अनुसार अपनी बकाया राशि और ब्याज की वसूली के लिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक कब्जा लिया गया है और बकाया राशि के पुनर्भुगतान में असफल होने के फलस्वरूप, अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर उक्त संपत्ति/ओं की बिक्री द्वारा बकाया राशि वसूल करने का प्रस्ताव करता है और ये नीचे बताए अनुसार ''जैसी हैं, जहाँ हैं'' और ''जैसी हैं, जो भी हैं'' आधार पर बिक्री की जायेंगी। नीलामी होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के देयों की कॉलम (i) के अनुसार कर्जदार(ओं) और सह–कर्जदार(ओं) से वसूली के लिए ''ऑन लाइन'' आयोजित की जायेगी।

क्र. सं.	कर्जदार(ओं) और सह–कर्जदार(ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तारीख	मांग सूचना राशि (रु.)	कब्जे की तारीख	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि व समय	ईएमडी और दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	रीना ओसवाल, काजल मुहारे, कोकिला बाई	रो हाउस–सर्वे नं. 478/3, पीएच. नं. 61/122, वार्ड नं. 05, (न्यू नूतन नगर) पीथमपुर, तहसील और जिला धार, पीथमपुर, मध्य प्रदेश–453441। सीमाएँः– उत्तर में – सड़क, दक्षिण में – उसी सर्वे नं. 478/3 की शेष जमीन, पैकी, पूर्व में – प्लॉट नं. 64, पश्चिम में – प्लॉट नं. 66	03-09-2025	12,06,327	06-11-2025	10,40,000	1,04,000	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	8962740390
2.	इमरान शेख़, गुलनाज़ शेख़	फ्लैट–प्लॉट सर्वे नं. 18/1 पैकी, पी.एच. नं. 19, वार्ड नं. 07, (सरल नं. 326), पुष्पकुंज कॉलोनी, इटावा, तहसील और जिला देवास, मध्य प्रदेश, देवास, मध्य प्रदेश–455001। सीमाएँः– उत्तर में – कॉलोनी रोड, दक्षिण में – जहूर मंसूरी का मकान, पूर्व में– इलियास खान का मकान, पश्चिम में – जमीर शेख़ का मकान	03-09-2025	19,02,898	06-11-2025	13,00,000	1,30,000	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	6268687778
3.	सुरेश वसोनिया, पूनम वसोनिया,	सर्वे नंबर– 91/3 और 92/1/2 पर निर्मित मकान, शिव नगर के पास, ग्राम– राजगढ़, रतलाम, रतलाम, मध्य प्रदेश–457001। सीमाएँः– पूर्व–अन्य जमीन, पश्चिम–रोड, उत्तर–उसी सर्वे नंबर पर निर्मित मकान (कैलाशी बाई), दक्षिण–शमसु बाई पत्नी श्री नाहरसिंह डोडिया का मकान	03-08-2025	10,12,654	07-10-2025	9,50,000	95,000	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	9753432222
4.	जगदीश गोयल, प्रमिला बाई, राजा गोयल	प्लॉट नंबर–188, सर्वे नं. 60/1/1/2, गाँव कालीबिल्लोद, तहसील देपालपुर और जिला इंदौर, धार, मध्य प्रदेश, 453001। सीमाएँः– पूर्व– प्लॉट नंबर 189, पश्चिम– रोड, उत्तर–प्लॉट नंबर 187, दक्षिण–अन्य संपत्ति	03-08-2025	6,70,544	07-10-2025	5,13,000	51,300	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	8962740390
5.	प्रवीण कन्हैया, दीपाली	प्लॉट नं. सी–510 का दक्षिणी भाग, श्रीनाथ टाउन, ग्राम भाटखेड़ी, तहसील महू, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, पीथमपुर, मध्य प्रदेश, 453441। सीमाएँः– पूर्व–प्लॉट नं. सी–501, पश्चिम–कॉलोनी रोड, उत्तर–उसी प्लॉट नं. का शेष हिस्सा, दक्षिण–प्लॉट नं. सी–509	04-07-2025	12,48,078	06-09-2025	8,36,000	83,600	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	8962740390
6.	इंदर शाह, वर्षा शाह, नारायण शाह	मकान नं.–ए–1, प्लॉट नं. 1–ए–1 का पूर्वी भाग, संविद नगर, गाँव पिपलियाहना, तहसील और जिला इंदौर, मध्य प्रदेश – 452001	03-09-2023	7,55,195	16-11-2023	3,50,000	35,000	30-12-2025 (पूर्वा. 11–अप. 2)	28-12-2025 (अप. 5 तक)	9617655328

ई–नीलामी सेवा प्रदाता	ई–नीलामी वेबसाइट/विवरण, अन्य निबंधन व शर्तों के लिए	खाता संख्याः ईएमडी/ अन्य राशि जमा करने हेतु	शाखा आईएफएससी कोड	हितधारी का नाम
कंपनी का नामः ई–प्रक्योरमेंट टैक्नोलॉजीज लि. (ऑक्शन टाइगर) हेल्प लाइन नं.: 079–35022160/149/182 संपर्क व्यक्तिः राम शर्मा–8000023297 ई–मेल आईडीः rampprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net	http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net	912020036268117– होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड– ऐक्सिस बैंक लि., एमआईडीसी, अंधेरी ईस्ट	UTIB0000395	प्राधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

बोली वृद्धि राशि– रु. 10,000/– । बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर दिए ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जायेगी। ऑनलाइन ई–नीलामी निविदा प्रपत्र, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी के सामान्य निबंधन व शर्तों सहित ई–नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। प्राधिकृत अधिकारी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। यद्यपि, इच्छुक निविदाकार अपनी निविदा जमा करने से पूर्व नीलामी के लिए रखी जाने वाली संपत्ति पर भारों, हक और संपत्ति कार प्रभावित करने वाले दावों/ अधिकारों/देयों के बारे में अपनी स्वयं की स्वतंत्र जांच–परख कर संतुष्ट हो लें। ई–नीलामी विज्ञापन को एचएफएफसी की ओर से कोई वायदा नहीं है और न ही इसे होम फर्स्ट का वायदा या प्रस्तुति माना जाए। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात व अज्ञात सभी मौजूदा व भावी भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता किसी भी प्रकार से किसी तीसरी पार्टी दावे/अधिकारों/देयों के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के तहत होगी। **नोटिस के हिंदी पाठ में कोई विसंगति होने पर अंग्रेजी पाठ प्रामाणिक माना जायेगा।**

सरफासी अधिनियम, 2002 के तहत सांविधिक 15 दिनी बिक्री सूचना

कर्जदार/जमानतियों को एतद्द्वारा मांग सूचना में उल्लिखित राशि को अद्यतन ब्याज व सहायक व्ययों के साथ ई–नीलामी की तिथि से पूर्व भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय, यदि कोई हों, की ब्याज व लागत सहित वसूली की जायेगी।

दिनांकः 15.12.2025
स्थानः मध्य प्रदेश

हस्ताक्षरित प्राधिकृत अधिकारी
होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड

भोपाल संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल– 462001 से प्रकाशित

संपादक : कैलाश नौटियाल\आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।

सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं